BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# तेयुप के तत्वावधान में हाई टेक सिटी और अविनाश कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित




**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेरापंथ युवक परिषद् हैदराबाद के द्वारा एक जुलाई से अनवरत रूप से तेलंगाना के विभिन्न क्षेत्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बीती 24 जुलाई को एनटीटी ग्लोबल डाटा हाई टेक सिटी और अविनाश कॉलेज ऑफ कॉमर्स एलबी नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। ऑल्विन वायर एंड केबल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर लक्ष्मीनिवास झंवर का परिषद परिवार की और से पचरंगा ओढ़ाकर एनटीटी ग्लोबल डाटा वाले शिविर में स्वागत किया गया। कंपनी की ओर से इजराइल मनीषा और सीएसआर कमेटी से शिल्पा गुप्ता, यशवंत साई और दीपक उद्घघाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

लक्ष्मीनिवास झांवर ने फीता काट कर शिविर का उद्घाटन किया। इस शिविर में 46 यूनिट्स रक्तदान हुआ। तेयुप हैदराबाद के अध्यक्ष अभिनंदन नाहता, मंत्री निल दुगड़, तेलांगन के प्रभारी आशीष दक व हैदराबाद संयोजक श्रेणिक गोलछा की गरिमामय उपस्थिति रही। एलबी नगर वाले शिविर में छात्र-छात्राओं ने रक्तदान के प्रति जागरूकता एवं उत्साह दिखाया। इस शिविर में 85 विद्यार्थियों ने अपने जीवन का पहला रक्तदान किया और कुल 94 यूनिट्स रक्तदान हुआ। इस शिवर में तेलंगाना राज्य के एमबीडीडी रिदम प्रभारी राहुल श्यामशुखा और एमबीडीडी प्रभारी रक्तवीर मनोज जैन की उपस्थिति रही। विनय संचेती, अशोक सेठिया और सम्यक कोठरी ने इस शिविर में अपनी सेवाएं दी। गुरुवार को हाई टेक सिटी में वेव लैब्स टेक्नोलॉजी और टेबल स्पेस कंपनी में यहां रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। इन शिविरों में पवन रांका, दीपक बोथरा और आशीष दक ने अपनी सेवाएं दी।

# अग्रवाल समाज दोमलगुड़ा शाखा की सावन की सैर 4 अगस्त को

**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज दोमलगुड़ा की इस वर्ष की सावन की सैर रविवार 4 अगस्त को संपन्न होगी। शाखा के मानद मंत्री योगेश अग्रवाल के द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उक्त सैर के लिए बस हैदरगुड़ा स्थित बीकानेर वाला के समीप से प्रारंभ होकर रात्रि इसी स्थान पर वापस आएगी जहां रात्रि भोजन की व्यवस्था होगी। सैर के संयोजक डॉ. दिलीप पंसारी ने बताया कि सैर के प्रारंभ में विश्व स्तरीय बुद्धवनम का भ्रमण होगा जहां तेलंगाना पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के द्वारा हाल में लगभग 145 एकड़ पर विकसित किए गए विश्व स्तरीय बुद्ध पर्यटन स्थल का आनंद लिया जा सकेगा। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यटन विभाग के विजय विहार होटल और उसके उपरांत 2 घंटे की कुल वोट यात्रा के माध्यम से अत्यधिक प्राचीन कोंडा म्यूजियम (संग्रहालय) का भी समावेश होगा। उक्त सैर कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी अग्र बंधुओं के लिए सुबह के नाश्ते, दोपहर के भोजन, सायंकालीन चाय, रात्रि भोजन के साथ ही समय-समय पर अन्य खानपान की व्यवस्था भी होगी। निर्धारित संख्या के लिए इस सैर में दोमलगुड़ा शाखा के सदस्य, परिजन और मेहमान पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर शामिल हो सकेंगे। शाखा के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गर्ग, संयुक्त मंत्री प्रतीक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विजय कुंछल ने शाखा के सदस्यों से सैर में भाग लेकर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया है।




# जीवन जीने की कला से हमारे धर्म की शैली प्रस्तुत होती है : देवेंद्रप्रभाजी म.सा




**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
कलिकाल सर्वज्ञ पूज्य जेष्ठमलजी म.सा की अनुकम्पा से राजस्थान केसरी उपाध्याय पूज्य श्री पुष्करमुनिजी म.सा, श्रमण संघीय आचार्य पूज्य डॉ.शिवमुनिजी म.सा, महाश्रमण पूज्य जितेंद्रमुनिजी म.सा की आज्ञानुवर्तिनी जिनशासन चंद्रिका पूज्य गुरुणीमैया शीलकुंवरजी म.सा, जिनशाशन गौरव तत्व चिन्तामणि गुरुणीमैया चन्दनबालाजी म.सा की सुशिष्या धवल यशस्वी चरित्र चिन्तामणि साध्वीरत्ना देवेंद्रप्रभाजी म.सा, साध्वी धर्मज्योतिजी म.सा, नवदीक्षित साध्वी प्रियांशश्रीजी म.सा आदि ठाणा 3 का शासन-ोत्कर्ष वर्षावास 2024 के अंतर्गत जैन श्री संघ मलकपेट के तत्व-ावधान में बम्ब सिंघी भवन में सुख साता पूर्वक विराज रहे हैं।

संघ के उपाध्यक्ष ज्ञानचन्द कोचेटा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि पुष्कर-शील-चन्दन दरबार में चातुर्मास हेतु विराजित पूज्य साध्वी श्री प्रियांश श्रीजी म.सा ने अपनी अमृतमय जिनवाणी में कहा कि परम पिता प्रभु महावीर ने अपने वीतराग वाणी से बताया कि हमारे जीवन जीने की कला से हमारे धर्म की शैली बताती है। थानांग सूत्र के 10 वे थानांग में 10 आश्चर्यो का उलके है। उन आश्चर्यो को आगम में आश्चर्य कहते है। पहला आश्चर्य यह है कि प्रभु महावीर जहाँ विराज थे है उसके 100 योजन तक कोई भी उपसर्ग नही होते है, दूसरा बताया कि छह महीनो तक खून के दस्त लगते है। आगे बताया कि भगवान सत्य के समर्थक होते है और सत्य के बारे में ही उल्लेख करते है। इस बात को समझने हेतु पूज्यश्री से प्रभु महावीरस्वामी, गौतमस्वामी व गोशालक के जीवन मे घठित घटना बताते है। जब प्रभु महावीर स्वामी राजगिरि में विराज रहे थे और जब गौतमस्वामी गोचरी लेने हेतु नगर में विचरण रहे थे तब वो नगरवासियों से यह सुनते है कि गौशालाक नामक व्यक्ति अपने आप को भगवान और 25वे तीर्थंकर के रूप में बता रहा है। यह सुन गौतमस्वामी आश्चर्यचक्ति हो जाते है और वापस जा कर वो यह बात प्रभु महावीरस्वामी को बताते है।

इस बात को सुनकर प्रभु महावीरस्वामी गौतमस्वामी को बताते है कि जैन धर्म व जैन आगमो के अनुसार व जैन धर्म के धारणा है कि इस भव में 24 तीर्थंकर भूतकाल में थे, 24 तीर्थंकर वर्तमान में है और 24 तीर्थंकर की भविष्य में रहेंगे, न एक कम और न एक ज़्यादा।

प्रभु महावीर के समोशरण में जब गौशालाक आता है और प्रभु से कहता है की आप कैसे अपने आप को भगवान बता रहे है, भगवान तो मैं हूं और मुझ में तुमसे जायदा शक्ति व बल है। तब प्रभु महावीर उत्तर देते हुए कहते हैं कि हे जीव यह तो तुम्हे भी पता है कि में कौन हूं और तुम कौन हो। एक दूसरे को बताने की ज़रूरत नही है।

इस बात को सुनकर गौशालाक को क्रोध आ जाता है और वो उतेजित होकर प्रभु महावीर पर तेजोलेश्य का प्रहार करता है और कहता है कि हे महावीर तुम इस तेजोलेश्य के प्रहार से बच नही सकते है और अगले छह महीनो में तुम भयंकर बीमारी से ग्रस्त होकर मृत्यु को प्राप्त होंगे। इस बात का जवाब देते हुए प्रभु महावीर ने बताया कि इस धरती के नाथ है क्षेकेंन्द्रीय महाराज और इन के ऊपर नाथ है तीर्थंकर भगवान जो तीन लोक के नाथ है। और उनकी आज्ञानुसार में 16 वर्षो तक सिंह की तरह इस धरती पर धर्म की प्रभावना करता रहूंगा। यह बात बोलते ही जो तेजोलेश्य गौशालाक ने प्रहार किया वो तेजोलेश्य वापस पलट कर गौशालाक के मुख से उसके शरीर मे प्रवेश कर देती है। इससे यह स्पष्ठ होता है कि जिस स्थान पर तीर्थंकर भागवान विराज थे उससे 100 योजन की दूरी तक कोई भी प्रकार की वृत्ति नही होती है पर भगवान के समहोशरण में गौशालाक के उपद्रव व अशांति से यह आश्चर्य हुआ।

साध्वी रत्ना श्री देवेंद्रप्रभाजी म.सा ने अपना उदबोधन में कहा कि जीवन मे दो शब्द है जो बहुत ही महत्वपूर्ण है। एक हैशस्त्र और दूसरा है शास्त्र। शस्त्र वो है जो जीव अपनी और दूसरों की रक्षार्थ उठता है। शास्त्र वो है जो हमारी आत्मा की सुरक्षा, देह की सुरक्षा करते है। शास्त्र से ही धर्म की रक्षा करते है। धर्म सभा का संचालन करते हुए चातुर्मास प्रधान संयोजक पारस डोसी ने पुष्कर-शील-चन्दन दरबार मे पधारे सभी का स्वागत किया।

# अत्तापुर के प्रतिनिधि मंडल ने नवनियुक्त डीजीपी जितेंद्र गोयल से की शिष्टाचार भेंट



**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अत्तापुर के एक प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को तेलंगाना के नवनियुक्त डीजीपी डॉक्टर जितेंद्र गोयल से शिष्टाचार भेंट की तथा उनको पुष्पगुच्छ भेंट कर डीजीपी बनने की बधाई दी इस अवसर पर तेलंगाना के डीजीपी डॉक्टर जितेंद्र ने राजस्थान की शेखावाटी यूनिवर्सिटी में टॉप रहने पर राजस्थान के राज्यपाल द्वारा स्वर्णपदक से सम्मानित की गई अदिति गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा राज्यपाल द्वारा सम्मानित होने की बधाई दी।

इस मौके पर अत्तापुर में 8 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित भव्य श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भी आने का न्यौता कार्यक्रम संयोजक पवन नालपुरिया एवं समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी ने दिया। इस प्रतिनिधि मंडल में अग्रवाल समाज अत्तापुर के अध्यक्ष बद्रीप्रसाद सरायवाला, राजस्थानी जागृति समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी, राजेंद्र नगर प्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष बालू सुब्रमण्यम एवं श्रीकांत, श्री श्याम मित्र मंडल के संरक्षक पवन नालपुरिया एवं सोहनलाल नेहरा, अदिति गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।




इनर व्हील क्लब ऑफ बंजारा ने वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर टीटीडी जुबली हिल्स को अपने लोगो से सजी एक दीवार घड़ी उपहार में दी। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष मनमीत जग्गी, सचिव सविता प्रेम और सदस्य राजेश्वरी और नवनीता सांघी उपस्थित थे। गोपाल बल्दवा ने समुदाय-केंद्रित सामाजिक कल्याण गतिविधियों के लिए क्लब की सराहना की।

# हिंदी महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की सफलता के लिए कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
हिन्दी महाविद्यालय में गुरुवार को बेंगलोर के उज्ज्वल सिंह ठाकुर आईआईएम द्वारा कैट परीक्षा तथा सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में अध्ययन क्षमता को किस प्रकार विकसित और फलित किया जाए विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्या डॉ. के. बाला के स्वागत भाषण से हुआ। प्राचार्या ने अपने वक्तव्य में छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु कई सामाजिक उदाहरण प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। अतिथि वक्ता ने सभी छात्रों के समक्ष एनबीए अभ्यार्थियों के लिए प्रेरक कक्षा, कैट परीक्षा की तैयारी, क्यूआरई, तार्किक विचार, अंग्रेज़ी तथा सामयिकी, समय नियोजन, परीक्षा की तैयारी तथा लेखन में तनाव से कैसे बचें विषयों पर विस्तृत रूप से वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डिग्री प्रथम वर्ष तथा तृतीय वर्ष के सभी छात्रों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के उप-प्रचार्या अश्विनी सनपूरकर, डॉ.पी. एसएमएल वसंता, बी. टी. मधु-सूदन, भावना, यशस्वनी, बीबीए विभाग की नमिता जायसवाल, प्रणीत आदि उपस्थित रहे। हिन्दी महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण कार्यक्रम में उप-स्थित थे। कार्यक्रम में सभी के प्रति आभाार ज्ञापन डॉ.पी. एसएमएल वसंता ने किया।

# अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की श्रावण की सैर 11 अगस्त को



**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा कि श्रावण कि सैर रविवार 11 अगस्त को थिममापुर कोतूर के पास स्थित पेपिरास पोटं रिसोट में आयोजित की जाएगी।

शाखा अध्यक्ष पंकज कुमार संघी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस संबंध में बैठक का आयोजन भाग्य लक्ष्मी ढाबा में आयोजित कर तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि सैर में शाखा के सदस्य एवं उनके परिजन भाग ले सकेंगे। सैर स्थल पर स्विमिंग, रेन डान्स, आउटडोर वह इंडोर गेम्स की व्यवस्था रहेगी। इसके अतिरिक्त तम्बोला व युवा मोर्चा द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अल्पाहार, हाई टी व रात्रि भोजन की व्यवस्था रहेगी। सदस्यों के प्रवेश पत्र पर लक्की ड्रॉ रहेगा, विजेताओं को रजत पदक प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने के लिए नितिन अग्रवाल को संयोजक व निश्चित अग्रवाल को सह संयोजक मनोनीत किया गया। चर्चा में उपाध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मोदी, संयुक्त मंत्री शैलेश अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य लाजपतराय गुप्ता व राजकुमार गुप्ता, परामर्शदाता महावीर प्रसाद अग्रवाल तथा युवा मोर्चा के संयोजक निश्चित अग्रवाल ने भाग लेकर अपने सुझाव दिए।

# भाजपा ने तेलंगाना के बजट को व्यय उन्मुख बजट बताया

**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
भाजपा ने उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क द्वारा गुरुवार को राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट को व्यय उन्मुख बजट करार दिया और कहा कि अल्प योजना व्यय के साथ सरकार कोई भी विकास नहीं कर पाएगी। मीडिया से बात करते हुए बीजेपी विधायक दल के नेता ए महेश्वर रेड्डी ने आरोप लगाया कि बजट कर्ज से भरा है और यह बजट राज्य के कर्ज को



और बढ़ा देगा। सरकार विकास पर सिर्फ 33,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। हमें नहीं पता कि इस तरह के बजट से राज्य कैसे चलेगा। यह विकासोन्मुखी बजट नहीं, बल्कि कर्ज वाला बजट है। यह फर्जी बजट है। एक अवास्तविक बजट। उन्होंने आरोप लगाया कि बाजीगरी से भरा बजट है। उन्होंने कांग्रेस पर राज्य के बेरोजगार युवाओं को धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने प्रत्येक बेरोज-गार युवा को 4,000 रुपये बेरोज-गारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन बजट में इसका कोई जिक्र नहीं किया गया। इसी तरह, कांग्रेस पार्टी द्वारा वादा की गई 4,000 रुपये की बढ़ी हुई आसरा पेंशन का भी कोई उल्लेख नहीं किया गया, उन्होंने कहा कि बजट झूठ और झूठे वादों से भरा था।

# एक अगस्त से वरंगल जाने वाली दो ट्रेनें रद्द

**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) ने सिकंदराबाद डिवीजन में ट्रैक रखरखाव कार्यों के लिए ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 1 से 31 अगस्त तक चलने वाली सिकंदराबाद-वरंगल मेमू (07462) और वरंगल- हैदराबाद मेमू (07463) ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। गुरुवार को है जानकारी रेलवे ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

दमरे के अधिकारियों ने रेल यात्रियों से अनुरोध किया कि वे ट्रेन के शेड्यूल में बदलाव को ध्यान में रखें और असुविधा से बचने के लिए उसी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

### तेलंगाना के पर्यटन और उत्पाद शुल्क मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने सिटीजन्स इवनिंग इंग्लिश डेली किया लॉन्च

# चार दशक लंबे जीवनकाल में पत्रकारिता मूल्यों को बनाए रखना सिटीजन्स इवनिंग के लिए एक बड़ी उपलब्धि

**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** किसी समाचार पत्र का दशकों तक सफल रहना कोई सामान्य बात नहीं है। तेलंगाना के पर्यटन और उत्पाद शुल्क मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा कि सिटीजन इवनिंग इंग्लिश डेली ने अपने चार दशक लंबे अस्तित्व में पत्रकारिता मूल्यों को महत्व दिया है। उन्होंने याद दिलाया कि वे सिटीजन इवनिंग पत्रिका के नियमित पाठकों में से एक हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पत्रकारिता मूल्यों वाली सिटीजन्स इवनिंग जैसी पत्रिकाएं समाज में बहुत जरूरी हैं। जुपल्ली कृष्णराव ने यह भी स्पष्ट किया कि मीडिया क्षेत्र के लिए उनकी सरकार का समर्थन हमेशा रहेगा। बाद में, मंत्री ने गुरुवार को विधानसभा में सिटीजन इवनिंग इंग्लिश डेली का अंक लॉन्च किया। उन्होंने आशा जताई कि निकट भविष्य में सिटीजन इवनिंग इंग्लिश डेली अधिक सेवाओं के साथ सफलता के पथ पर अग्रसर रहेगा।




इस कार्यक्रम में हिंदी दैनिक शुभ लाभ समाचार पत्र, तेलुगु डेली ध्वनि, सिटीजन्स इवनिंग इंग्लिश डेली समूह के उपाध्यक्ष के. साईकुमार रेड्डी ने पर्यटन एवं उत्पाद शुल्क मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव को तीनों समाचार पत्रों के उद्देश्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर समाचार पत्र के सहयोगी संपादक वुप्पु वीरांजनेउलू, शुभलाभ हिंदी दैनिक के महाप्रबंधक सुरेंद्र, वरिष्ठ पत्रकार वी.एस. नारायण, वरिष्ठ फोटोग्राफर सुधीर और पत्रिका स्टाफ ने भाग लिया।




महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र और कानमल विनोद अंश संचेती द्वारा मुट्ठी भर अनाज परियोजना के तहत सुचित्रा स्थित इंटीग्रेटेड वेलफेयर सोसाइटी में अनाज उपलब्ध करवाया गया । इस अवसर पर चेयरमैन विनोद संचेती, प्रॉजेक्ट कन्वीनर अनिल बोहरा, राखी बाफना, गौतम आंचलिया, दीपा आंचलिया, समिति के संस्थापक वेंकट रेड्डी व अन्य उपस्थित थे।

## संगारेड्डी में चोरों ने मंदिर की हुंडी उड़ाई



**संगारेड्डी, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अज्ञात बदमाशों ने बुधवार आधी रात को पटनचेरु मंडल के नंदीगामा गांव में देवी दुर्गा मंदिर से हुंडी चुरा ली। जानकारी के अनुसार दो बाइक पर चार बदमाश मंदिर में पहुंचे और हुंडी उठा ली। बीडीएल भनूर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बदमाशों की पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

## के. पद्मजा ने दमरे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक के रूप में कार्यभार संभाला

### दक्षिण मध्य रेलवे की पहली महिला पीसीसीएम हैं के. पद्मजा

**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सुश्री के. पद्मजा ने गुरुवार को रेल निलयम, सिकंदराबाद में प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम), दक्षिण मध्य रेलवे के रूप में कार्यभार संभाला है। वह भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1991 बैच से संबंधित हैं। विशेष रूप से, वह दक्षिण मध्य रेलवे की पहली महिला पीसीसीएम हैं।

उनके पास विज्ञान और शिक्षा में स्नातक की डिग्री है। वर्तमान कार्यभार से पहले, वह मुख्य परिवहन योजना प्रबंधक, एससीआर के रूप में कार्यरत थीं।



भारतीय रेलवे में 30 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर के दौरान सुश्री के. पद्मजा ने दक्षिण मध्य रेलवे में कई अन्य प्रमुख पदों पर कार्य किया है जैसे कि हैदराबाद डिवीजन में सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक (एसीएम), सहायक यातायात प्रबंधक (एटीएम) और मंडल परिचालन प्रबंधक (कोयला एवं माल), सिकंदराबाद मंडल, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी, गुंतकल मंडल, उप. मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, पीआरएस, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक और वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, सिकंदराबाद मंडल मुख्यालय में, उन्होंने उप निदेशक के रूप में कार्य किया। मुख्य परिचालन प्रबंधक/कोचिंग, मुख्य यातायात प्रबंधक, सामान्य, मुख्य यात्री यातायात प्रबंधक, मुख्य माल यातायात प्रबंधक और मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, यात्री सेवाओं के रूप में कार्य किया।

अपनी लंबी रेलवे सेवा के दौरान, उन्होंने सलाहकार (परिवहन)/गोदावरी फर्टिलाइजर्स कंपनी लिमिटेड और कॉनकोर, हैदराबाद के महाप्रबंधक के रूप में भी काम किया है। इसके अतिरिक्त, वह राज्य आयुक्त, गाइड, एससीआर, सचिव, हैंडबॉल, एस-सीआर, अध्यक्ष, एससीआर ललिता कला समिति, सिकंदराबाद और उपाध्यक्ष, एससीआर ऑफिसर्स एसोसिएशन से भी जुड़ी हुई हैं।

## तेलंगाना की कांग्रेस सरकार का बजट किसान और गरीब विरोधी है : चंद्रशेखर

### केसीआर विपक्ष के नेता के रूप में बजट सत्र में हुए शामिल

**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने गुरुवार को सदन में राज्य की कांग्रेस सरकार की ओर से पेश किये गये पहले पूर्ण बजट को किसान और गरीब विरोधी करार दिया।वित्त मंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू के बजट पेश किये जाने के बाद श्री राव ने संवाददाताओं से कहा कि बजट में कोई विजन नहीं है और किसी भी पहलू पर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरा बजट भाषण एक सुसंरचित वित्तीय योजना के बजाय कहानी सुनाने जैसा है तथा विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से किसानों और निम्न वर्ग के प्रति सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। विपक्ष का नेता बनने के बाद पहली बार विधानसभा सत्र में शामिल हुए श्री राव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पास सात महीने के शासन के बाद भी कृषि, उद्योग, आईटी और गरीबों के कल्याण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। उन्होंने कहा, यह बजट बिना किसी ठोस नीति निर्माण के अस्पष्ट वादों के संग्रह से अधिक कुछ नहीं है। हमारी सरकार ने पहले भी सभी वर्गों के लोगों के आर्थिक विकास और कल्याण के उद्देश्य से कई योजनाएं लागू की थीं, लेकिन कांग्रेस सरकार ने पूर्व में सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शुरू की गयी योजनाओं को बंद कर दिया है।महिलाओं की दुर्दशा पर प्रकाश डालते हुए श्री राव ने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण का वादा नया नहीं था और बजट में कोई अभिनव योजना नहीं है। उन्होंने किसानों के लिए समर्थन की कमी पर चिंता व्यक्त की और बजट में रायथु भरोसा जैसी योजनाओं के न होने का उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार धान की खरीद, मुफ्त बिजली की आपूर्ति या पानी के प्रावधान के संबंध में किसानों को कोई भी वादा पूरा करने में विफल रही है।



## पेड़-पौधे जीवन के प्राण हैं : जिला कलेक्टर



**आसिफाबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि पेड़ प्रजातियों के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण हैं। वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत ओपन कास्ट सिंगरेनी और वन विभाग ने संयुक्त रूप से जिला वन अधिकारी नीरज कुमार, जिला एसपी, क्षेत्रीय महाप्रबंधक के साथ तिरयानी मंडल के खैरीगुड़ा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया और पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे जीवन के अस्तित्व के लिए बेहद जरूरी हैं और सभी को पौधों की देखभाल अपनी जिम्मेदारी समझकर करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें पौधों की सुरक्षा में अपना योगदान देना चाहिए और भावी पीढ़ियों के लिए अच्छा वातावरण प्रदान करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में 53 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है और सभी विभाग समन्वय बनाकर लक्ष्य को समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने का यह सही समय है क्योंकि बारिश के कारण मौसम नम है और सभी को पौधों की देखभाल में अपना योगदान देना चाहिए। इस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों एवं अन्य लोगों ने भाग लिया।

## श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ का आयोजन 11 अगस्त से



**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सर्वजन हिताय और विश्व शांति के उद्देश्य से 3 दिवसीय श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ का भव्य और दिव्य आयोजन दिनांक 11,12,13 अगस्त को कांची काम कोटि शंकराचार्य जी के भाग्यनगर (तेलंगाना) सिकंदराबाद अन्तर्गत पद्मारावनगर स्थित स्कंदगिरी मठ में देश के वरिष्ठ संत पूज्य स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी जी के पावन सानिध्य में देश के प्रगति एवं विश्व शांति के उद्देश से किया जा रहा है।युवा चेतना के संस्थापक अध्यक्ष रोहित सिंह ने बताया की काशी के विद्वान आचार्य के मार्गदर्शन में भाग्यनगर की लगभग 800 दिव्य माताओं के सहयोग से 1 करोड़ श्री विद्या कुमकुम अर्चन और ब्राह्मणों द्वारा देशी गाय के दूध से बनी खीर और गौ घृत से कुल 10 लाख आहुतियां अर्पित की जाएंगी। हैदराबाद में कार्यकर्म के सहयोगी सर्वदलीय गौ रक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जयपाल सिंह नयाल ने कहा की इस दिव्य और भव्य आयोजन में भाग्यनगर की जनता शामिल होकर त्रिपुर सुंदरी राज राजेश्वरी ललिता अम्बा की कृपा के पात्र बने। अवसर पर रिद्धिश जागीरदार ने स्वामी जी से लव फॉर काऊ फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने संस्था के संकल्प संपूर्ण देश मे गौ हत्य बंद हो, गौ माता राष्ट्रीय प्राणी घोषित हो ऐसी कामना व्यक्त की।राज्य सभा सांसद डॉ. के लक्ष्मण, बीजेपी नेता मुरलीधर राव, पूर्व एमएलसी राम चंद्र राव, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के ट्रस्टी रिद्धिश जागीरदार, आल इंडिया जैन मिनोरिटी फेडरेशन तेलंगाना राज्य संयोजक मुकेश चौहान, बीजेपी आईटी सेल संयोजक जसवंत झोटा, राम गोपाल चौधरी, सौरभ सिंह, रोहित सिंह आदि ने उनसे भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आगामी कार्यक्रम के बारे मे विस्तृत चर्चा की।

## तेलंगाना विधानसभा ने केंद्रीय बजट को लेकर पारित किया संकल्प

**हैदराबाद, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना विधानसभा ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से अपील की कि वह बजट बहस में बजट प्रस्तावों में संशोधन करके तेलंगाना को न्याय प्रदान करे।

विधानसभा ने केंद्रीय बजट में तेलंगाना की उपेक्षा करने को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विधानसभा ने केंद्रीय बजट में केंद्र द्वारा तेलंगाना के साथ कथित भेदभाव पर एक छोटी चर्चा की अनुमति दी। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने विधानसभा को सूचित किया कि मंगलवार को केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट में तेलंगाना के साथ अन्याय हुआ है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य के गठन के दिन से ही तेलंगाना के प्रति उदासीनता अपनाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम के अनुसार दोनों राज्यों के सतत विकास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए। केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनर्गठन अधिनियम में अधूरे वादों का तेलंगाना के विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। राज्य में जनता की सरकार के सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता, अधिनियम के अनुसार धन जारी करने और लंबे समय से लंबित राज्य के मुद्दों को हल करने के लिए कई बार प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकार की दलीलों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया और तेलंगाना को बजट आवंटन में भेदभाव किया। प्रस्ताव पारित होने से पहले श्री रेड्डी ने तेलंगाना में मौजूदा आर्थिक संकट के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की पूर्ववर्ती सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी के सत्ता से बाहर होने से पहले बीआरएस सरकार हर विभाग में सभी बिलों को टालती रही। मुख्यमंत्री ने बीआरएस सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) से भी आगे आने का आग्रह किया और कहा कि वह केंद्रीय निधि प्राप्त करने के लिए नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर आमरण अनशन करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बीआरएस से जंतर-मंतर पर धरने पर बैठने की तारीख और कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की मांग की।

बहस के दौरान, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस 21 दिनों तक दिल्ली का दौरा करने के बाद भी बजट में तेलंगाना के लिए धन सुरक्षित करने में अपनी विफलता को छुपा रही है, इसने विधानसभा में प्रस्ताव और चर्चा के नाम पर नाटक शुरू कर दिया है।

## कोठागुडेम-मुलुगु सीमा पर मुठभेड़ में मारा गया नक्सली



**कोठागुडेम, 25 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोठागुडेम और मुलुगु जिलों की सीमा पर जंगलों में गुरुवार को पुलिस और माओवादियों के बीच गोलीबारी में एक नक्सली मारा गया। यह घटना तब हुई जब ग्रेहाउंड बल और विशेष पार्टी के जवान जिले के गुंडाला मंडल के दमराटोगु-रंगापुरम में तलाशी अभियान चला रहे थे। मृतक नक्सली मुलुगु जिले के घनपुर मंडल के बुद्धराम गांव का अशोक बताया गया।

# Lions International

## District 320A

2024-25



International President
Lion **Fabrício Oliveira**
with First Lady **Amariles**

## 9th District Cabinet Installation

**26th July 2024 • 4 pm onwards**
@ SR Classic Convention, Shamshabad, Hyd.

Host Club
**LC Hyd. Megacity**



Presiding Officer
Lion **Dr. D. Koteswara Rao** pmjf
District Governor

### SPECIAL GUEST



Lion **Dr. G. Babu Rao** pmjf
International Director

### INSTALLATION OFFICER



PID Lion **Sunil Kumar R** pmjf
GAT Constitutional Area Leader, CA VI (India)

### GUESTS OF HONOUR



Lion **Deepak Bhattacharjee** pmjf
GAT Area Leader - MD 316 & MD 320



PMCC Lion **S. Narender Reddy** pmjf
LCIF Area Leader - MD 316 & MD 320



Lion **H. Raji Reddy** pmjf
Council Chairperson - MD 320



Lion **Harinarayan Bhattad** pmjf
Immediate Past District Governor

### OFFICIALS TO BE INSTALLED



Lion **Dr. Mahendra K Reddy** pmjf
as 1st Vice District Governor



Lion **Suresh Jagnani** pmjf
as 2nd Vice District Governor



Lion **CHV Satyanarayana Rao** mjf
as District Cabinet Secretary



Lion **S. Channa Reddy** pmjf
as District Cabinet Treasurer

**& Other District Cabinet Officers**

*Let's attend this Installation in good number.*
*Events of this kind earn an enormous PR for the organisation*



Lion **Gopal Mor** pmjf
**District Marketing Chairperson**


शुभ लाभ